भारत सरकार

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय

कृषि एवं किसान कल्याण विभाग

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न सं. 2584**

16 दिसंबर, 2025 को उत्तरार्थ

**विषय- आंध्र प्रदेश में पीएम-किसान योजना**

2584. श्री लावू श्रीकृष्णा देवरायालू:

श्री जी. एम. हरीश बालयोगी:

क्या कृषि और किसान कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (पीएम-किसान) योजना की शुरूआत से लेकर अब तक इसके अन्तर्गत वर्ष-वार और आंध्र प्रदेश में जिला-वार, विशेषकर पालनाडु और कोनासीमा जिलों में कितने किसानों को लाभ हुआ है;

(ख) इस योजना के प्रारंभ से लेकर अब तक इसके अन्तर्गत लाभार्थियों को वर्ष-वार और आंध्र प्रदेश में जिला-वार, विशेषकर पालनाडु और कोनासीमा जिलों में कितनी धनराशि स्वीकृत, जारी और वितरित की गई है;

(ग) आंध्र प्रदेश में विशेषकर पालनाडु और कोनासीमा जिलों में लंबित अथवा विलंबित किश्तों का जिला-वार ब्यौरा क्या है;

(घ) आंध्र प्रदेश में इसके संबंध में कितने किसान अयोग्य पाए गए या कितने किसानों के लाभ आंकड़ों की विसंगतियों/आधार सीडिंग मुद्दों/अन्य कारणों से रोक दिए गए और इस संबंध में जिला-वार क्या कार्रवाई की गई;

(ङ) आंध्र प्रदेश में इस योजना के अंतर्गत लाभार्थी सत्यापन, शिकायत निवारण और किश्तों के समय पर वितरण को बेहतर बनाने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं; और

(च) योजना के अंतर्गत पात्र किसानों को पूरी तरह शामिल करना सुनिश्चित करने के लिए पालनाडु और कोनासीमा सहित ग्रामीण और तटीय जिलों में चलाए गए जागरूकता/आउटरीच कार्यक्रमों का ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री (श्री रामनाथ ठाकुर)**

(क) से (ङ) पीएम-किसान योजना एक केंद्रीय क्षेत्र की योजना है जिसे माननीय प्रधानमंत्री द्वारा फरवरी 2019 में कृषि योग्य भूमिधारक किसानों की वित्तीय आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु शुरू किया गया था। इस योजना के अंतर्गत, प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) के माध्यम से किसानों के आधार से जुड़े बैंक खातों में तीन समान किस्तों में प्रति वर्ष 6,000 रुपये का वित्तीय लाभ अंतरित किया जाता है। पीएम-किसान योजना के अंतर्गत, योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए कृषि योग्य भूमिधारण प्राथमिक पात्रता मानदंड है, जो कुछ उच्च आर्थिक स्थिति से संबंधित अपवर्जन मानदंडों के अधीन है।

किसान-केंद्रित डिजिटल इन्फ्रास्ट्रक्चर ने यह सुनिश्चित किया है कि इस योजना का लाभ देश भर के सभी किसानों तक बिना किसी मध्यस्थ की भागीदारी के पहुँचे। लाभार्थियों के पंजीकरण और सत्यापन में पूर्ण पारदर्शिता बनाए रखते हुए, भारत सरकार ने योजना की शुरुआत से अब तक देशभर में 21 किस्तों में ₹4.09 लाख करोड़ से अधिक की राशि वितरित की है। पीएम-किसान के अंतर्गत राज्यवार या जिलावार बजट आवंटन नहीं है, यद्यपि, पालनाडु और कोनासीमा जिलों सहित आंध्र प्रदेश के किसानों को जारी किए गए लाभों का जिलावार और किस्तवार विवरण अनुबंध में संलग्न है।

पीएम-किसान योजना के तहत, राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों को पात्र लाभार्थियों की पहचान और सत्यापन करने और लाभों के सफल अंतरण के लिए भू-अभिलेख, आधार को उनके बैंक खातों से जोड़ना और ई-केवाईसी सहित पात्र किसानों का त्रुटि-मुक्त डेटा अपलोड करना अनिवार्य है। योजना के तहत किसानों का पंजीकरण और उनका सत्यापन एक सतत प्रक्रिया है। राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों से किसानों का सही और सत्यापित डेटा प्राप्त होते ही, विभाग द्वारा तुरंत लाभ की प्रक्रिया शुरू की जाती है और अगली किस्त में यह राशि जारी कर दी जाती है। इसके अलावा, इस योजना के तहत लैंड सीडिंग, आधार-आधारित भुगतान और ई-केवाईसी अनिवार्य कर दिए गए हैं। जिन किसानों ने ये अनिवार्य मानदंड पूरे नहीं किए, उनको मिलने वाले लाभ रोक दिए गए। जब ये किसान अपनी अनिवार्य आवश्यकताओं को पूरा कर लेते हैं, योजना के तहत उनके लाभ अगली किस्त से फिर से शुरू हो जाते हैं।

पीएम-किसान योजना के तहत किसानों के समक्ष आने वाली समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करने हेतु एक सशक्त शिकायत निवारण तंत्र बनाया गया है। किसानों द्वारा शिकायतें दर्ज कराने के लिए पीएम-किसान पोर्टल पर एक समर्पित शिकायत मॉड्यूल उपलब्ध है। इन शिकायतों का समाधान राज्य/जिला स्तर के अधिकारियों द्वारा समयबद्ध तरीके से किया जाता है। पीएम-किसान शिकायत मॉड्यूल के अतिरिक्त, किसान केंद्रीकृत सार्वजनिक शिकायत निवारण एवं निगरानी प्रणाली (सीपीग्राम्स) पोर्टल के माध्यम से भी अपनी शिकायतें दर्ज करा सकते हैं। इसके अतिरिक्त, योजना के लाभार्थियों की अधिक संख्या को ध्यान में रखते हुए, लाभार्थियों द्वारा पूछे जाने वाले सामान्य प्रश्नों और शिकायतों का त्वरित समाधान करने के लिए, एक वॉइस-बेस्ड पीएम-किसान एआई चैटबॉट (किसान ई-मित्र) विकसित किया गया था। यह चैटबॉट, किसानों के प्रश्नों का चौबीसों घंटे उनकी मातृभाषा में त्वरित, सटीक और स्पष्ट उत्तर प्रदान करता है, जिससे यह प्रणाली अधिक सुलभ और यूजर-फ्रेंडली बन जाती है। यह वेब, मोबाइल आदि सभी प्लेटफार्मों पर उपलब्ध है। वर्तमान में, किसान ई-मित्र चैटबॉट 11 भाषाओं-अंग्रेजी, हिंदी, उड़िया, तमिल, बंगाली, मलयालम, गुजराती, पंजाबी, कन्नड़, तेलुगु और मराठी में काम करता है।

(च) यह सुनिश्चित करने के लिए कि कोई भी पात्र किसान इस योजना से वंचित न रहे, भारत सरकार आमतौर पर आंध्र प्रदेश सहित राज्य सरकारों के साथ समन्वय में सैचुरेशन अभियान चलाती है। 15 नवंबर 2023 से विकसित भारत संकल्प यात्रा (वीबीएसवाई) के तहत एक बड़ा राष्ट्रव्यापी सैचुरेशन ड्राइव चलाया गया, जिसके दौरान 1.0 करोड़ से अधिक किसानों को पीएम-किसान के अंतर्गत शामिल किया गया। इसके अतिरिक्त, नई सरकार की 100 दिनों की पहल के तहत, 25 लाख से अधिक पात्र किसानों को पीएम-

किसान योजना के अंतर्गत जोड़ा गया। इसके अतिरिक्त, लंबित स्व-पंजीकरण मामलों के निपटान के लिए सितंबर, 2024 में एक विशेष अभियान चलाया गया, जिसके परिणामस्वरूप 30 लाख से अधिक नए किसान जुड़े।

अनुबंध

**दिनांक 11.12.2025 तक आंध्र प्रदेश के किसानों को जारी किए गए लाभों का ज़िलेवार और किस्तवार विवरण**

| # | ज़िला | पहली किस्त (दिसंबर 18 - मार्च 19) | | दूसरी किस्त (अप्रैल'19 - जुलाई'19) | | तीसरी किस्त (अगस्त'19 - नवंबर'19) | | चौथी किस्त (दिसंबर 19 - मार्च 20) | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | लाभार्थियों की संख्या | वितरित राशि (रुपये करोड़ में) | लाभार्थियों की संख्या | वितरित राशि (रुपये करोड़ में) | लाभार्थियों की संख्या | वितरित राशि (रुपये करोड़ में) | लाभार्थियों की संख्या | वितरित राशि (रुपये करोड़ में) |
| 1 | अल्लूरी सीताराम राजू | 47,432 | 9.49 | 82,459 | 17.35 | 85,674 | 18.02 | 96,843 | 20.94 |
| 2 | अनकापल्ली | 1,74,096 | 34.82 | 1,96,411 | 41.15 | 1,97,399 | 40.33 | 2,22,866 | 46.72 |
| 3 | अनंतपुरमु | 1,32,972 | 26.59 | 2,33,927 | 47.62 | 2,38,746 | 49.02 | 2,80,058 | 60.66 |
| 4 | अन्नामय्या | 1,20,624 | 24.12 | 1,68,440 | 34.66 | 1,69,085 | 34.31 | 1,89,193 | 39.36 |
| 5 | बापतला | 1,24,895 | 24.98 | 1,44,360 | 29.52 | 1,45,155 | 29.61 | 1,62,778 | 33.70 |
| 6 | चित्तूर | 1,58,121 | 31.62 | 1,83,024 | 37.89 | 1,83,581 | 37.30 | 2,04,146 | 42.25 |
| 7 | डॉ. बी.आर. अंबेडकर कोनासीमा | 1,45,540 | 29.11 | 1,59,854 | 33.32 | 1,59,298 | 32.84 | 1,73,360 | 35.47 |
| 8 | पूर्वी गोदावरी | 94,777 | 18.96 | 1,11,922 | 23.08 | 1,12,807 | 23.18 | 1,26,528 | 26.20 |
| 9 | एलुर | 1,48,920 | 29.78 | 1,80,666 | 36.87 | 1,81,321 | 36.95 | 1,98,995 | 40.98 |
| 10 | गुंटूर | 93,609 | 18.72 | 1,03,044 | 21.25 | 1,03,859 | 21.22 | 1,15,617 | 24.01 |
| 11 | काकीनाडा | 1,26,604 | 25.32 | 1,43,900 | 29.70 | 1,44,623 | 29.69 | 1,61,364 | 33.34 |
| 12 | कृष्ण | 1,21,640 | 24.33 | 1,36,348 | 27.82 | 1,36,737 | 27.77 | 1,50,870 | 30.98 |
| 13 | कुरनूल | 1,42,602 | 28.52 | 2,13,918 | 43.81 | 2,19,073 | 44.98 | 2,48,156 | 53.60 |
| 14 | नांदयाल | 1,26,320 | 25.26 | 1,77,794 | 36.34 | 1,80,205 | 36.78 | 2,03,061 | 43.05 |
| 15 | एनटीआर | 86,958 | 17.39 | 1,04,858 | 21.41 | 1,05,273 | 21.40 | 1,19,021 | 24.40 |
| 16 | पालनाडू | 1,67,182 | 33.44 | 2,00,985 | 41.21 | 2,02,635 | 41.79 | 2,32,607 | 48.35 |
| 17 | पार्वतीपुरम मान्याम | 74,562 | 14.91 | 92,551 | 19.38 | 93,261 | 19.17 | 1,07,472 | 22.41 |
| 18 | प्रकाशम | 1,67,610 | 33.52 | 2,30,084 | 46.68 | 2,32,389 | 47.30 | 2,63,869 | 55.06 |
| 19 | श्री पोट्टी श्रीरामुलु नेल्लोर | 1,42,112 | 28.42 | 1,83,736 | 38.21 | 1,84,686 | 37.57 | 2,09,799 | 43.40 |
| 20 | श्री सत्य साईं | 1,47,393 | 29.48 | 2,23,695 | 46.12 | 2,27,634 | 46.56 | 2,58,625 | 55.57 |
| 21 | श्रीकाकुलम | 2,00,733 | 40.15 | 2,31,010 | 48.40 | 2,27,721 | 46.41 | 2,65,113 | 54.68 |
| 22 | तिरुपति | 1,28,490 | 25.70 | 1,51,598 | 31.36 | 1,50,744 | 30.74 | 1,65,756 | 33.99 |
| 23 | विशाखापट्टनम | 20,365 | 4.07 | 22,655 | 4.78 | 22,767 | 4.73 | 24,999 | 5.29 |
| 24 | विजयनगरम | 1,78,028 | 35.61 | 2,00,218 | 41.67 | 2,00,886 | 40.83 | 2,29,819 | 48.03 |
| 25 | पश्चिम गोदावरी | 1,15,507 | 23.10 | 1,25,674 | 25.71 | 1,25,505 | 25.68 | 1,34,884 | 27.85 |
| 26 | वाईएसआर कडप्पा | 1,29,762 | 25.95 | 1,72,956 | 35.14 | 1,73,712 | 35.16 | 1,95,295 | 40.40 |
| | **कुल योग** | 33,16,854 | 663.37 | 41,76,087 | 860.46 | 42,04,776 | 859.32 | 47,41,094 | 990.67 |

| # | ज़िला | 5वीं किस्त (अप्रैल'20 - जुलाई'20) | | छठी किस्त (अगस्त 20 - नवंबर 20) | | 7वीं किस्त (दिसंबर 20 - मार्च 21) | | 8वीं किस्त (अप्रैल'21 - जुलाई'21) | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | लाभार्थियों की संख्या | वितरित राशि (रुपये करोड़ में) | लाभार्थियों की संख्या | वितरित राशि (रुपये करोड़ में) | लाभार्थियों की संख्या | वितरित राशि (रुपये करोड़ में) | लाभार्थियों की संख्या | वितरित राशि (रुपये करोड़ में) |
| 1 | अल्लूरी सीताराम राजू | 95,704 | 20.75 | 97,123 | 20.39 | 93,937 | 19.02 | 90,479 | 21.24 |
| 2 | अनकापल्ली | 2,25,820 | 47.25 | 2,25,177 | 45.79 | 2,18,811 | 44.01 | 2,13,501 | 47.82 |
| 3 | अनंतपुरमु | 2,76,001 | 58.46 | 2,68,333 | 54.74 | 2,59,170 | 52.30 | 2,59,988 | 59.20 |
| 4 | अन्नामय्या | 1,87,423 | 39.07 | 1,85,390 | 37.63 | 1,79,561 | 36.63 | 1,81,382 | 42.55 |
| 5 | बापतला | 1,61,947 | 33.46 | 1,58,910 | 32.24 | 1,54,931 | 31.23 | 1,49,446 | 33.48 |
| 6 | चित्तूर | 2,02,383 | 42.23 | 2,00,092 | 40.79 | 1,93,912 | 39.95 | 1,92,124 | 43.74 |
| 7 | डॉ. बी.आर. अंबेडकर कोनासीमा | 1,74,170 | 36.72 | 1,70,470 | 34.60 | 1,67,383 | 33.83 | 1,56,544 | 36.15 |
| 8 | पूर्वी गोदावरी | 1,24,549 | 25.65 | 1,21,172 | 24.54 | 1,21,392 | 24.49 | 1,15,294 | 27.13 |
| 9 | एलुरु | 1,95,909 | 40.31 | 1,92,524 | 38.83 | 1,85,419 | 37.37 | 1,78,876 | 41.78 |
| 10 | गुंटूर | 1,15,269 | 23.88 | 1,12,455 | 22.83 | 1,09,653 | 22.11 | 1,06,050 | 24.28 |
| 11 | काकीनाडा | 1,61,360 | 33.56 | 1,57,950 | 32.08 | 1,57,284 | 31.73 | 1,49,278 | 34.90 |
| 12 | कृष्ण | 1,50,066 | 30.94 | 1,45,588 | 29.34 | 1,40,070 | 28.36 | 1,30,782 | 28.30 |
| 13 | कुरनूल | 2,53,316 | 53.50 | 2,48,071 | 50.57 | 2,41,994 | 48.78 | 2,60,937 | 66.78 |
| 14 | नांदयाल | 2,04,122 | 42.75 | 2,01,260 | 41.02 | 1,95,723 | 39.55 | 2,07,291 | 52.95 |
| 15 | एनटीआर | 1,17,982 | 24.29 | 1,14,941 | 23.23 | 1,11,970 | 22.76 | 1,08,799 | 23.87 |
| 16 | पालनाडू | 2,33,555 | 48.61 | 2,30,365 | 46.73 | 2,23,317 | 44.96 | 2,17,420 | 49.09 |
| 17 | पार्वतीपुरम मान्याम | 1,07,839 | 22.49 | 1,06,799 | 21.69 | 1,02,625 | 20.65 | 98,094 | 21.34 |
| 18 | प्रकाशम | 2,66,473 | 55.01 | 2,65,417 | 54.09 | 2,53,210 | 50.94 | 2,43,358 | 53.29 |
| 19 | श्री पोट्टी श्रीरामुलु नेल्लोर | 2,11,746 | 44.36 | 2,10,367 | 43.08 | 1,97,601 | 39.83 | 1,95,613 | 49.24 |
| 20 | श्री सत्य साईं | 2,58,791 | 54.88 | 2,56,240 | 52.31 | 2,48,211 | 50.03 | 2,48,402 | 56.75 |
| 21 | श्रीकाकुलम | 2,75,059 | 58.53 | 2,72,873 | 55.09 | 2,59,752 | 52.55 | 2,51,261 | 57.05 |
| 22 | तिरुपति | 1,66,359 | 35.24 | 1,64,572 | 33.50 | 1,57,215 | 32.07 | 1,55,565 | 36.99 |
| 23 | विशाखापट्टनम | 25,186 | 5.32 | 25,149 | 5.14 | 23,869 | 4.81 | 22,666 | 5.22 |
| 24 | विजयनगरम | 2,34,487 | 48.84 | 2,33,999 | 47.36 | 2,21,057 | 44.50 | 2,12,494 | 47.06 |
| 25 | पश्चिम गोदावरी | 1,35,475 | 28.26 | 1,32,115 | 26.62 | 1,28,213 | 25.86 | 1,23,904 | 29.69 |
| 26 | वाईएसआर कडप्पा | 1,96,741 | 40.88 | 1,93,225 | 38.99 | 1,90,138 | 38.36 | 1,93,505 | 47.45 |
| | **कुल योग** | **47,57,732** | **995.23** | **46,90,577** | **953.22** | **45,36,418** | **916.69** | **44,63,053** | **1,037.33** |

| # | ज़िला | 9वीं किस्त (अगस्त'21 - नवंबर'21) | | 10वीं किस्त (दिसंबर 2021 - मार्च 2022) | | 11वीं किस्त (अप्रैल'22 - जुलाई'22) | | 12वीं किस्त (अगस्त 2022 - नवंबर 2022) | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | लाभार्थियों की संख्या | वितरित राशि (रुपये करोड़ में) | 10वीं किस्त (दिसंबर 2021 - मार्च 2022) | वितरित राशि (रुपये करोड़ में) | लाभार्थियों की संख्या | वितरित राशि (रुपये करोड़ में) | लाभार्थियों की संख्या | वितरित राशि (रुपये करोड़ में) |
| 1 | अल्लूरी सीताराम राजू | 90,264 | 19.29 | 91,797 | 20.28 | 91,426 | 19.45 | 89,417 | 21.35 |
| 2 | अनकापल्ली | 2,12,352 | 43.56 | 2,16,049 | 45.87 | 2,16,930 | 45.08 | 2,15,666 | 54.00 |
| 3 | अनंतपुरमु | 2,57,344 | 52.63 | 2,61,701 | 53.72 | 2,56,720 | 54.07 | 2,73,050 | 80.89 |
| 4 | अन्नामय्या | 1,79,906 | 37.49 | 1,81,277 | 39.14 | 1,79,331 | 37.69 | 1,77,338 | 45.51 |
| 5 | बापतला | 1,47,894 | 30.38 | 1,49,264 | 30.94 | 1,47,054 | 31.30 | 1,36,440 | 36.02 |
| 6 | चित्तूर | 1,94,404 | 40.73 | 1,99,406 | 45.32 | 1,94,931 | 40.78 | 1,89,939 | 50.88 |
| 7 | डॉ. बी.आर. अंबेडकर कोनासीमा | 1,56,418 | 32.60 | 1,62,916 | 39.96 | 1,57,189 | 34.46 | 1,29,234 | 29.26 |
| 8 | पूर्वी गोदावरी | 1,14,925 | 23.98 | 1,15,485 | 25.81 | 1,10,693 | 23.57 | 1,00,288 | 24.88 |
| 9 | एलुरु | 1,75,624 | 35.89 | 1,73,939 | 36.47 | 1,70,378 | 35.96 | 1,34,139 | 34.64 |
| 10 | गुंटूर | 1,03,930 | 21.36 | 1,03,954 | 21.64 | 1,02,030 | 21.62 | 93,437 | 25.25 |
| 11 | काकीनाडा | 1,49,616 | 31.18 | 1,54,690 | 36.76 | 1,51,877 | 33.55 | 1,20,928 | 27.58 |
| 12 | कृष्ण | 1,30,452 | 26.81 | 1,32,232 | 27.25 | 1,30,842 | 27.97 | 1,19,358 | 33.41 |
| 13 | कुरनूल | 2,59,555 | 55.56 | 2,51,445 | 54.77 | 2,45,355 | 52.79 | 2,39,237 | 52.59 |
| 14 | नांदयाल | 2,05,916 | 42.86 | 2,00,596 | 43.39 | 1,96,849 | 41.92 | 1,87,671 | 40.76 |
| 15 | एनटीआर | 1,08,279 | 22.15 | 1,10,800 | 22.90 | 1,10,287 | 23.41 | 1,04,085 | 27.96 |
| 16 | पालनाडू | 2,13,920 | 44.03 | 2,14,352 | 44.73 | 2,13,550 | 45.46 | 1,91,307 | 48.57 |
| 17 | पार्वतीपुरम मान्याम | 97,276 | 19.80 | 98,637 | 20.42 | 1,01,058 | 21.28 | 96,499 | 25.45 |
| 18 | प्रकाशम | 2,41,769 | 49.67 | 2,50,725 | 52.07 | 2,47,137 | 51.65 | 2,44,727 | 62.87 |
| 19 | श्री पोट्टी श्रीरामुलु नेल्लोर | 1,93,915 | 41.19 | 1,88,781 | 40.04 | 1,87,135 | 39.76 | 1,66,563 | 36.90 |
| 20 | श्री सत्य साईं | 2,46,561 | 50.45 | 2,53,127 | 52.23 | 2,49,290 | 52.68 | 2,54,027 | 69.31 |
| 21 | श्रीकाकुलम | 2,49,387 | 51.03 | 2,52,528 | 52.20 | 2,50,625 | 52.24 | 2,50,237 | 62.54 |
| 22 | तिरुपति | 1,55,630 | 32.73 | 1,55,557 | 34.21 | 1,53,441 | 32.58 | 1,38,531 | 33.61 |
| 23 | विशाखापट्टनम | 22,536 | 4.63 | 22,570 | 4.75 | 22,514 | 4.73 | 18,426 | 4.31 |
| 24 | विजयनगरम | 2,10,886 | 43.30 | 2,13,411 | 44.45 | 2,13,033 | 44.97 | 2,09,746 | 52.75 |
| 25 | पश्चिम गोदावरी | 1,22,087 | 25.23 | 1,20,066 | 25.25 | 1,17,110 | 24.55 | 89,637 | 23.39 |
| 26 | वाईएसआर कडप्पा | 1,87,882 | 39.03 | 1,86,100 | 38.34 | 1,83,961 | 39.11 | 1,81,721 | 42.80 |
| | **कुल योग** | **44,28,728** | **917.56** | **44,61,405** | **952.92** | **44,00,746** | **932.62** | **41,51,648** | **1,047.50** |

| # | ज़िला | 13वीं किस्त (दिसंबर 2022 - मार्च 2023) | | 14वीं किस्त (अप्रैल'23 - जुलाई'23) | | 15वीं किस्त (अगस्त 23 - नवंबर 23) | | 16वीं किस्त (दिसंबर 23 - मार्च 24) | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | लाभार्थियों की संख्या | वितरित राशि (रुपये करोड़ में) | लाभार्थियों की संख्या | वितरित राशि (रुपये करोड़ में) | लाभार्थियों की संख्या | वितरित राशि (रुपये करोड़ में) | लाभार्थियों की संख्या | वितरित राशि (रुपये करोड़ में) |
| 1 | अल्लूरी सीताराम राजू | 87,576 | 19.54 | 90,871 | 22.40 | 87,708 | 20.97 | 1,36,198 | 30.39 |
| 2 | अनकापल्ली | 1,86,458 | 39.16 | 1,94,258 | 49.57 | 1,81,072 | 41.55 | 1,86,993 | 42.43 |
| 3 | अनंतपुरमु | 2,78,810 | 74.77 | 2,79,067 | 58.60 | 2,74,872 | 59.40 | 2,76,113 | 60.80 |
| 4 | अन्नामय्या | 1,75,698 | 42.37 | 1,76,860 | 42.10 | 1,70,623 | 38.88 | 1,72,603 | 38.34 |
| 5 | बापतला | 1,38,126 | 29.99 | 1,36,705 | 36.89 | 1,35,554 | 31.47 | 1,37,982 | 32.35 |
| 6 | चित्तूर | 1,72,427 | 44.89 | 1,73,446 | 37.40 | 1,72,033 | 36.76 | 1,73,259 | 38.21 |
| 7 | डॉ. बी.आर. अंबेडकर कोनासीमा | 1,29,207 | 27.99 | 1,30,048 | 36.70 | 1,20,261 | 27.78 | 1,22,223 | 28.99 |
| 8 | पूर्वी गोदावरी | 1,03,098 | 26.06 | 1,00,504 | 24.62 | 96,273 | 21.36 | 98,203 | 22.93 |
| 9 | एलुरु | 1,30,113 | 29.65 | 1,32,615 | 34.92 | 1,26,587 | 29.43 | 1,30,057 | 29.99 |
| 10 | गुंटूर | 88,314 | 22.93 | 88,547 | 20.33 | 82,555 | 18.36 | 84,427 | 21.23 |
| 11 | काकीनाडा | 1,23,852 | 26.94 | 1,26,569 | 34.13 | 1,21,793 | 28.32 | 1,25,115 | 28.67 |
| 12 | कृष्ण | 1,17,964 | 35.04 | 1,13,121 | 24.00 | 1,07,180 | 24.75 | 1,08,809 | 25.32 |
| 13 | कुरनूल | 2,28,907 | 55.14 | 2,32,764 | 52.09 | 2,32,793 | 52.90 | 2,33,772 | 50.73 |
| 14 | नांदयाल | 1,84,405 | 38.35 | 1,99,629 | 55.90 | 1,93,192 | 44.10 | 1,95,061 | 43.76 |
| 15 | एनटीआर | 98,366 | 22.25 | 1,03,257 | 27.67 | 1,00,763 | 23.56 | 1,02,222 | 23.48 |
| 16 | पालनाडू | 1,83,951 | 38.96 | 1,92,016 | 53.52 | 1,84,326 | 42.96 | 1,89,542 | 45.10 |
| 17 | पार्वतीपुरम मान्याम | 99,537 | 24.76 | 1,01,540 | 23.27 | 95,838 | 22.07 | 1,11,524 | 24.22 |
| 18 | प्रकाशम | 2,46,106 | 63.29 | 2,49,898 | 57.06 | 2,37,621 | 53.82 | 2,41,724 | 58.20 |
| 19 | श्री पोट्टी श्रीरामुलु नेल्लोर | 1,71,095 | 43.76 | 1,72,715 | 36.32 | 1,62,422 | 36.85 | 1,64,382 | 37.61 |
| 20 | श्री सत्य साईं | 2,59,167 | 61.16 | 2,60,698 | 58.85 | 2,50,357 | 55.95 | 2,51,259 | 53.64 |
| 21 | श्रीकाकुलम | 2,46,659 | 65.42 | 2,47,237 | 51.82 | 2,23,100 | 48.49 | 2,27,525 | 50.32 |
| 22 | तिरुपति | 1,32,173 | 27.20 | 1,36,760 | 36.29 | 1,35,045 | 30.15 | 1,36,981 | 31.03 |
| 23 | विशाखापट्टनम | 16,444 | 3.54 | 16,701 | 4.28 | 16,175 | 3.84 | 16,535 | 3.90 |
| 24 | विजयनगरम | 2,07,924 | 56.52 | 2,03,673 | 42.16 | 1,81,082 | 39.11 | 1,83,275 | 39.98 |
| 25 | पश्चिम गोदावरी | 92,718 | 24.42 | 92,816 | 22.34 | 83,791 | 18.59 | 85,281 | 20.63 |
| 26 | वाईएसआर कडप्पा | 1,75,136 | 36.82 | 1,84,411 | 53.47 | 1,83,925 | 41.88 | 1,85,477 | 41.91 |
| | **कुल योग** | **40,74,231** | **980.89** | **41,36,726** | **996.70** | **39,56,941** | **893.30** | **40,76,542** | **924.14** |

| # | ज़िला | 17वीं किस्त (अप्रैल 24 - जुलाई 24) | | 18वीं किस्त (अगस्त 24 - नवंबर 24) | | 19वीं किस्त (दिसंबर 24 - मार्च 25) | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | लाभार्थियों की संख्या | वितरित राशि (रुपये करोड़ में) | लाभार्थियों की संख्या | वितरित राशि (रुपये करोड़ में) | लाभार्थियों की संख्या | वितरित राशि (रुपये करोड़ में) |
| 1 | अल्लूरी सीताराम राजू | 1,47,591 | 32.35 | 1,49,677 | 30.73 | 1,49,051 | 30.96 |
| 2 | अनकापल्ली | 1,89,097 | 39.57 | 1,88,065 | 38.14 | 1,93,523 | 42.44 |
| 3 | अनंतपुरमु | 2,80,580 | 59.13 | 2,78,991 | 56.22 | 2,83,343 | 59.31 |
| 4 | अन्नामय्या | 1,73,768 | 35.69 | 1,73,002 | 34.74 | 1,73,450 | 35.91 |
| 5 | बापतला | 1,40,019 | 30.05 | 1,39,104 | 28.14 | 1,40,827 | 29.63 |
| 6 | चित्तूर | 1,75,272 | 36.73 | 1,74,449 | 35.63 | 1,76,248 | 37.23 |
| 7 | डॉ. बी.आर. अंबेडकर कोनासीमा | 1,23,275 | 25.98 | 1,22,562 | 24.71 | 1,20,065 | 25.49 |
| 8 | पूर्वी गोदावरी | 98,849 | 20.39 | 98,541 | 20.13 | 1,00,640 | 21.81 |
| 9 | एलुर | 1,32,266 | 28.24 | 1,32,079 | 27.23 | 1,32,269 | 29.41 |
| 10 | गुंटूर | 85,271 | 18.06 | 84,728 | 17.25 | 85,615 | 18.76 |
| 11 | काकीनाडा | 1,28,579 | 28.79 | 1,28,422 | 26.55 | 1,29,366 | 28.00 |
| 12 | कृष्ण | 1,10,518 | 23.92 | 1,09,837 | 22.28 | 1,12,242 | 24.81 |
| 13 | कुरनूल | 2,39,704 | 52.11 | 2,39,026 | 48.96 | 2,40,657 | 51.38 |
| 14 | नांदयाल | 1,96,919 | 41.55 | 1,95,718 | 39.46 | 1,93,209 | 39.94 |
| 15 | एनटीआर | 1,05,124 | 23.58 | 1,04,630 | 21.27 | 1,05,339 | 22.61 |
| 16 | पालनाडू | 1,91,945 | 40.48 | 1,91,775 | 39.55 | 1,97,788 | 45.97 |
| 17 | पार्वतीपुरम मान्याम | 1,13,006 | 23.11 | 1,12,943 | 22.85 | 1,15,161 | 24.34 |
| 18 | प्रकाशम | 2,44,095 | 51.32 | 2,42,517 | 48.89 | 2,43,852 | 51.38 |
| 19 | श्री पोट्टी श्रीरामुलु नेल्लोर | 1,65,949 | 34.70 | 1,64,810 | 33.25 | 1,66,917 | 34.97 |
| 20 | श्री सत्य साईं | 2,55,104 | 53.58 | 2,53,519 | 50.95 | 2,49,187 | 51.43 |
| 21 | श्रीकाकुलम | 2,30,412 | 48.34 | 2,28,635 | 46.03 | 2,30,635 | 48.62 |
| 22 | तिरुपति | 1,38,443 | 29.08 | 1,38,018 | 28.20 | 1,39,294 | 29.57 |
| 23 | विशाखापट्टनम | 16,747 | 3.56 | 16,625 | 3.39 | 17,592 | 4.16 |
| 24 | विजयनगरम | 1,85,306 | 38.64 | 1,83,837 | 37.06 | 1,88,669 | 40.82 |
| 25 | पश्चिम गोदावरी | 86,399 | 18.43 | 85,641 | 17.36 | 87,330 | 19.15 |
| 26 | वाईएसआर कडप्पा | 1,86,338 | 38.16 | 1,85,349 | 37.40 | 1,87,685 | 39.97 |
| | **कुल योग** | **41,40,576** | **875.56** | **41,22,500** | **836.36** | **41,59,954** | **888.05** |

| # | ज़िला | 20वीं किस्त (अप्रैल 25 - जुलाई 25) | | 21वीं किस्त (अगस्त 25 - नवंबर 25) | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | लाभार्थियों की संख्या | वितरित राशि (रुपये करोड़ में) | लाभार्थियों की संख्या | वितरित राशि (रुपये करोड़ में) |
| 1 | अल्लूरी सीताराम राजू | 1,47,040 | 29.57 | 1,44,564 | 28.91 |
| 2 | अनकापल्ली | 1,89,589 | 39.40 | 1,84,247 | 36.85 |
| 3 | अनंतपुरमु | 2,58,372 | 52.17 | 2,53,092 | 50.62 |
| 4 | अन्नामय्या | 1,63,651 | 33.07 | 1,60,768 | 32.15 |
| 5 | बापतला | 1,36,408 | 27.61 | 1,33,665 | 26.73 |
| 6 | चित्तूर | 1,70,089 | 34.68 | 1,66,507 | 33.30 |
| 7 | डॉ. बी.आर. अंबेडकर कोनासीमा | 1,17,683 | 23.92 | 1,14,906 | 22.98 |
| 8 | पूर्वी गोदावरी | 98,335 | 20.26 | 94,437 | 18.89 |
| 9 | एलुर | 1,29,638 | 26.34 | 1,26,727 | 25.35 |
| 10 | गुंटूर | 85,008 | 17.57 | 82,747 | 16.55 |
| 11 | काकीनाडा | 1,25,388 | 26.07 | 1,21,823 | 24.36 |
| 12 | कृष्ण | 1,08,717 | 22.21 | 1,05,945 | 21.19 |
| 13 | कुरनूल | 2,28,077 | 46.72 | 2,20,922 | 44.18 |
| 14 | नांदयाल | 1,84,763 | 37.27 | 1,80,807 | 36.16 |
| 15 | एनटीआर | 1,03,065 | 21.00 | 1,00,042 | 20.01 |
| 16 | पालनाडू | 1,95,785 | 40.14 | 1,93,220 | 38.64 |
| 17 | पार्वतीपुरम मान्याम | 1,13,135 | 22.99 | 1,09,458 | 21.89 |
| 18 | प्रकाशम | 2,34,814 | 47.72 | 2,27,828 | 45.57 |
| 19 | श्री पोट्टी श्रीरामुलु नेल्लोर | 1,62,784 | 33.21 | 1,57,411 | 31.48 |
| 20 | श्री सत्य साईं | 2,34,554 | 47.36 | 2,31,070 | 46.21 |
| 21 | श्रीकाकुलम | 2,26,575 | 45.98 | 2,21,169 | 44.23 |
| 22 | तिरुपति | 1,34,545 | 27.41 | 1,31,099 | 26.22 |
| 23 | विशाखापट्टनम | 17,245 | 3.55 | 16,694 | 3.34 |
| 24 | विजयनगरम | 1,84,451 | 37.64 | 1,80,502 | 36.10 |
| 25 | पश्चिम गोदावरी | 86,150 | 17.90 | 85,355 | 17.07 |
| 26 | वाईएसआर कडप्पा | 1,73,211 | 35.02 | 1,70,728 | 34.15 |
| | **कुल योग** | **40,09,072** | **816.80** | **39,15,733** | **783.15** |

*****